तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 6 मई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 विक्षोभ के प्रभाव से बदला मौसम, तेज गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश






### दस सालों में सुनियोजित तरीके से किया गया घोटाला

# जिला सहकारी बैंक में 28 करोड़ के घोटाले की जांच कर रही ईडी, मंगवाई फाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की शाखाओं में की गई करोड़ो रूपए की गड़बड़ी की जांच अब ईडी कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने शंकरगढ़ और कुसमी शाखाओं से जुड़े घोटालों की फाइल मंगवाई थी। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन ने भी मामले से जुडी सभी फाइलें ईडी को भेज दी है। इस जांच के शुरू होने से अब मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**खास बात**

- 12 से अधिक लोग हो चुके है गिरफ्तार

बता दें कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित से जुडी हुई शंकरगढ़ और कुसमी की शाखाओं से 28 करोड़ रूपए के हेरफेर का मामला सामने आया था। तत्कालीन प्राधिकृत अधिकारी व कलेक्टर सरगुजा ने शिकायत के बाद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की कुसमी और शंकरगढ़ शाखाओं में हुए लेनदेन व दस्तावेजों की जांच कराई थी और जांच में 28 करोड़ रूपए के घोटाले की पुष्टि भी हुई थी। बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के मामले में बैंक मैनेजर समेत 12 अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की गई थी। इस दौरान तत्कालीन कलेक्टर विलास भोस्कर ने मामले बैंक के घोटालों की जांच ईडी या सीबीआई से कराने की अनुशंसा करते हुए प्रमुख सचिव को पत्र भेजा था। राज्य शासन ने जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय को पत्र भेज दिया था जिसके बाद ईडी ने भी इस मामले की जांच को मंजूरी दे दी है। ईडी ने इस गंभीर मामले की जांच शुरू भी कर दी है। हालांकि ईडी की टीम सरगुजा नहीं पहुंची लेकिन ईडी ने घोटाले से जुड़े दस्तावेज और फ़ाइल अपने पास मगंवा ली है। जिला सहकारी बैंक मर्यादित के सीईओ श्रीकांत चंद्राकर ने इस घोटाले से जुड़ी हुई फाइल शनिवार को ईडी को भेज भी दी है जिसके आधार पर प्राथमिक जांच शुरू हो गई है। इस जांच के शुरू होने से एक बार फिर घोटाले से जुड़े हुए लोगों में हड़कंप मच गया है।



### इस तरह दिया अंजाम

बताया जा रहा है कि आरोपियों ने नरेगा धनेशपुर, सीईओ जनपद पंचायत शंकरगढ़, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमडी शंकरगढ़ के नाम से फर्जी खाता खोला था और किसानों के केसीसी खाता में बैंक की राशि ट्रांसफर करने के बाद उक्त राशि को किसानों के खाते से अपने खाते में ट्रांसफर कर आहरित किया गया। वर्ष 2012 से 2022 के बीच हुए इस फर्जीवाड़ा के दौरान बिना केवाईसी, बिना वाउचर, बिना सिग्नेचर ही राशि का आहरण किया गया। इस दौरान प्रतिवर्ष सेंट्रल व स्टेट लेबल पर शाखा की ऑडिट की गई लेकिन ऑडिट करने आए अधिकारी भी इतने बड़े फर्जीवाड़े और रुपयों के लेनदेन में गड़बड़ी को नहीं पकड़ पाए लेकिन एक नाबार्ड में की गई एक अज्ञात व्यक्ति की शिकायत के बाद इस पूरे खेल का खुलासा हुआ।

### ये आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

28 करोड़ रूपए से अधिक की हेराफेरी के मामले में पुलिस ने शंकरगढ़ निवासी पूर्व सहायक मुख्य प्रवेक्षक 56 वर्षीय अशोक कुमार सोनी, पूर्व संस्था प्रबन्धक एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम सालन निवासी 56 वर्षीय लक्ष्मण प्रसाद देवांगन, पूर्व संस्था प्रबंधक बलरामपुर बसंतपुर के ग्राम लोधी निवासी 50 वर्षीय विजय उईके, अंबिकापुर नवागढ़ निवासी पूर्व प्रभारी लिपिक तबारक अली, प्रभारी अतिरिक्त प्रबन्धक अंबिकापुर डीसी रोड निवासी 60 वर्षीय राजेन्द्र कुमार पाण्डेय, शंकरगढ़ बचवार निवासी 30 वर्षीय समिति सेवक सुदेश यादव, दरिमा निवासी सहायक मुख्य पर्यवेक्षक 69 वर्षीय एतबल सिंह, शंकरगढ़ निवासी कम्प्यूटर ऑपरेटर कुसमी 35 वर्षीय प्रकाश कुमार सिंह, कुसमी निलकंठपुर निवासी सहायक लेखापाल 50 वर्षीय जगदीश प्रसाद भगत, बलरामपुर भगवतपुर निवासी सहायक मुख्य पर्यवेक्षक, शाखा प्रबन्धक कुसमी 65 वर्षीय सबल राय, वरिष्ठ पर्यवेक्षक गांधीनगर निवासी 70 वर्षीय विकास चन्द्र पाण्डवी, अशोक कुमार सोनी, सुषमा सोनी को भादवि की धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120 बी, 34 के तहत गिरफ्तार किया था।

### 28 करोड़ से अधिक का घोटाला

जांच में यह बात सामने आई थी कि घोटाले के मुख्य आरोपी शंकरगढ़ शाखा के प्रबंधक अशोक कुमार सोनी लगभग 10 वर्षों तक तक अलग-अलग शाखाओं में पदस्थ रहे। उन्होंने बैंक में फर्जी खाते खोले और समितियों के खातों के साथ-साथ इन फर्जी खातों से भी बड़ी रकम की हेराफेरी की। बैंक खातों से नकद पैसे निकाले गए और कई बार ऑनलाइन ट्रांसफर भी किया गया। आदिम जाति सहकारी समिति जमड़ी का बैंक अकाउंट बिना किसी दस्तावेज खोला गया। इसमें 19 करोड़ 24 लाख रुपए जमा किए गए और इस खाते से 19 करोड़ 22 लाख 73 हजार रुपए का आहरण किया गया। यह राशि किसानों के खाते, पंचायतों के खातों से ट्रांसफर कर जमा की गई थी। जमुना अलंकार मंदिर अंबिकापुर के नाम पर आरटीजीएस के माध्यम से 1 करोड़ 82 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए। यह राशि 52 ट्रांजैक्शन में भेजी गई, जिनमें से 44 का बैंक वाउचर नहीं मिला। शाखा कुसमी में नरेगा धनेशपुर का बोगस अकाउंट खोला गया और इसमें 3 करोड़ 19 लाख रुपए का ट्रांजैक्शन किया गया। सीईओ जनपद पंचायत शंकरगढ़ का बोगस अकाउंट खोला गया। इसमें 91 लाख 57 हजार रुपए की राशि जमा कर इसे निकाल लिया गया। जनपद सीईओ ने प्रतिवेदन में बताया कि यह खाता जनपद पंचायत का नहीं है। इसमें किसानों के खातों से राशि जमा की गई। अशोक कुमार सोनी के खाते में 1 करोड़ 36 लाख रुपए, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रकाश कुमार सिंह के खाते में 4 लाख 64 हजार रुपए, महामाया कंस्ट्रक्शन कंपनी के खाते में 30 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे।

### भेज दी है जानकारी

घोटाले की जानकारी ईडी ने मांगी है। हमने प्रकरण से जुडी सभी जानकारी भेज दी है और जांच चल रही है।

-राम किशुन सिंह
अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक मर्यादित

## खबर संक्षेप

### प्रज्वल राज्य स्तरीय अंडर 7 की शतरंज स्पर्धा में बने चैंपियन



**अंबिकापुर।** शतरंज के उभरते खिलाड़ी प्रज्वल पाण्डेय ने रायपुर में आयोजित अंडर -7 आयु वर्ग की राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता जीती है। उन्होंने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मैच जीते। छत्तीसगढ़ शतरंज संघ द्वारा 2 एवं 3 मई की आयोजित 7 वर्ष आयु वर्ग की राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा आयोजित की गई थी जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 47 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता में 6 चक्र खेले गए जिसमे अंबिकापुर के 7 वर्षीय प्रज्वल पाण्डेय ने अपने सभी 6 मैच जीत कर विजेता बने। इस जीत से इनका चयन आगामी जून में महाराष्ट्र में आयोजित 7वर्ष आयु वर्ग की राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया गया है। ज्ञात हो कि हाल में शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रज्वल को फिडे द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग अंक प्रदान किया गया था। प्रज्वल छत्तीसगढ़ के इकलौते सात वर्षीय खिलाड़ी हैं जिन्हें फिडे की स्टैंडर्ड रेटिंग प्राप्त है।प्रज्वल की सफलता से जिले के खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल है।

### पीजी कॉलेज के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष बने पार्षद मनोज



**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन पर महाविद्यालयों में जन भागीदारी समिति के अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। कलेक्टर सरगुजा ने इस आशय का नियुक्ति आदेश भी जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष माता राजमोहनी देवी वार्ड के पार्षद मनोज गुप्ता को बनाया गया है वही गर्ल्स कॉलेज में विजय सोनी को भी जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

### जिले में 11 तक चलेगा खाद्य सुरक्षा का विशेष अभियान

**बलरामपुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर राजेन्द्र कटारा मार्गदर्शन में जिले में सही दवा शुद्ध आहार यही है छत्तीसगढ़ का आधार के थीम के अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन के द्वारा जिले के नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण औषधि और खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। शुद्ध दवा सही आहार यही है छत्तीसगढ़ का आधार के साथ यह अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक जारी रहेगा। अभियान में अब तक सभी विकासखण्डों में समस्त खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन जांच एवं निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्ट्रीटवेन्डर, भोजनालय, ढ़ाबा, बेकरी, मिठाई दुकान, खाद्य विनिर्माण का निरीक्षण किया गया। साथ ही प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई रखने शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, खाद्य पदार्थों को ढ़क कर रखने, गुणवतापूर्ण सामाग्री विक्रय करने जागरूक किया गया।

### राजसात किए गए चावल की नीलामी 11 को

**अम्बिकापुर।** खाद्य अधिकारी ने बताया कि न्यायालय कलेक्टर सरगुजा द्वारा आदेश पारित एवं घोषित करते हुए एफआरके. मिश्रित चावल 12-13 बोरी चावल के राजसात करने का आदेश दिया गया है। उक्त चावल स्टेटवेयर हाउस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, चठिरमा गोदाम में सुरक्षित भण्डारित है। जिसकी 11 मई को नीलामी की कार्यवाही की जानी है।

## छात्रा को करता था अश्लील मैसेज, तुड़वा दिया शादी का रिश्ता भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरु शिष्य के रिश्ते को कलंकित करने का मामला सामने आया है। कन्या महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक ने छात्रा को ना सिर्फ अश्लील मैसेज और फोटो भेजे बल्कि उसकी शादी तक तुड़वा दी। आरोपी ने छात्रा को मानसिक रूप से प्रताड़ति करने के साथ ही अपमानित किया। प्रताड़ना से तंग आकर छात्रा ने घटना की शिकायत पुलिस से की। अब इस मामले में फरार चल रहे सहायक प्राध्यापक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



- फरार सहायक प्राध्यापक ने किया आत्मसमर्पण, पुलिस ने किया गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय की छात्रा ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी कि कॉलेज के इतिहास विषय के सहायक प्राध्यापक चंद्र किशोर कौशल छात्रा को आए दिन वाट्सएप में मैसेज करता था। शिष्टाचार में छात्रा भी सहायक प्राध्यापक को रिप्लाई कर दिया करती थी लेकिन बाद में चंद्र किशोर कौशल छात्रा को अश्लील फोटो भेजने के साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मैसेज करने लगा। छात्रा ने सहायक प्राध्यापक के नम्बर को ब्लॉक करने के साथ ही घटना की जानकारी परिजन व महाविद्यालय प्रबन्धन को दी थी। शिकायत के बाद सहायक प्राध्यापक को चेतावनी दी गई थी लेकिन शिकायत के बाद आरोपी ने छात्रा को और अधिक परेशां करना शुरू कर दिया। इस दौरान 27 फरवरी को आरोपी अपने साथियों के साथ छात्रा को सुनसान स्थान पर ले गा और उएक सैमसंग अल्ट्रा व विवो कंपनी का मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार छात्रा की 1 मई को शादी होने वाली थी लेकिन इससे पहले ही आरोपी ने वर पक्ष वालों को छात्रा के बारे में भ्रमित कर शादी का रिश्ता भी तुड़वा दिया। मानसिक प्रताड़ना, अपमान और सामाजिक दबाव से तंग आकर छात्रा ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस को दी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया था लेकिन आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी की तलश कर रही थी। इस बीच आरोपी बाबूपारा निवासी 30 वर्षीय डॉ. चन्द्र किशोर कौशल आ. सुभाष राम ने न्यायालय के समक्ष आत्म समर्पण किया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा, आरक्षक बृजेश राय, अहसान फिरदौसी, नितिन सिन्हा सक्रिय रहे।

### दूसरे दिन देवरघटा-खरगहनी क्षेत्र में विचरण करते दिखा भालू

**तनौद ।** तनौद जिले के पामगढ़ क्षेत्र अंतर्गत महानदी किनारे देवरघटा खरगहनी क्षेत्र में सोमवार सुबह को जंगली भालू भटक कर आ पहुंचा। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला पहुंचा और भालू को रेस्क्यू करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। क्षेत्र के सरपंचों द्वारा आसपास के गांवों में मुनादी कराई गई है। सोमवार 4 मई की सुबह देवरघटा खरगहनी जंगल के पास देवरघटा के ग्रामीणों ने भालू कों देखा। भालू को देखते हुए ग्रामीण दहशत में आ गए। गांव के महानदी किनारे देवरघटा खरगहनी जंगल में भालू आने की जानकारी मिलने पर सरपंच घासीराम चौहान ग्राम पंचायत कमरीद ने वन विभाग पकरिया अकलतरा को सूचना दी। जिसके बाद वन रक्षक सम्राट राठौर द्वारा खरगहनी जंगल में भालू देखने सुबह वन रक्षक रेस्क्यू करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली।

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शासकीय सेवा हासिल करने वाला प्रधान पाठक निलंबित

**बलरामपुर।** प्रधान पाठक द्वरा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शासकीय नौकरी हासिल करने का मामला सामने आया है। डीईओ की जांच में इस बात की पुष्टि हुई है। पुष्टि के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक शाला कोल्हुआ के प्रधान पाठक लालमन सिंह द्वारा धोखा-धड़ी कर शासकीय नौकरी प्राप्त कर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के के नियम -9(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

- नाम बदलकर हासिल की नौकरी

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत के आधार पर शासकीय सेवा में नियुक्ति से संबंधित एक प्रकरण की जांच कराई गई। शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत आवेदन में आरोप लगाया गया था कि विकासखंड वाड्रफनगर के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोल्हुआ में पदस्थ प्रधान पाठक लालमन सिंह द्वारा नियुक्ति के दौरान नाम में त्रुटि करते हुए शासकीय सेवा प्राप्त की गई है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी, द्वारा जांच कराई गई। जांच के दौरान संबंधित दस्तावेजों एवं साक्ष्यों का परीक्षण किया गया तथा संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज किए गए। जांच प्रतिवेदन में प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर प्रकरण में विसंगति पाए जाने की पुष्टि हुई है। जांच उपरांत प्रधान पाठक लालमन सिंह की नियुक्ति के समय प्रस्तुत दस्तावेजों में त्रुटि रही है। प्रधान पाठक का असली नाम रामदुलार आ.जीतू है जिनके द्वारा लालमन आ. रामवृक्ष के नाम से शासकीय नौकरी प्राप्त की गयी है। उक्त प्रकरण में प्रधान पाठक लालमन सिंह के द्वारा धोखा-धड़ी कर शासकीय नौकरी प्राप्त कर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण 1965 के नियम-3 का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है। उक्त प्रकरण पर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा लालमन को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय रामचंद्रपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## कलेक्टर ने टॉपर छात्र छात्राओं को लैपटॉप भेंटकर किया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में जिले में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को कलेक्टर अजीत वसंत ने सम्मानित किया। 10वीं की परीक्षा में प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर की छात्रा ज्योति साहू 97.33 प्रतिशत के साथ जिले में अव्वल रहीं। वहीं मल्टीपरपज स्कूल के छात्र बाबा आशीष केरकेट्टा ने 12 वीं कक्षा में 94.4 प्रतिशत अंक के साथ जिले में अव्वल स्थान प्राप्त किया। दोनों अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ मंगलवार को कलेक्टर श्री वसंत से मिलने कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर ने दोनों को लैपटॉप भेंट कर सम्मानित किया। कलेक्टर के पूछने पर बाबा आशीष ने आगे सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की इच्छा जाहिर की, वहीं ज्योति ने बताया कि 11 वीं में मैथ्स लेकर वह इंजीनियर बनना चाहती हैं। कलेक्टर श्री वसंत ने दोनों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा इसी प्रकार आगे भी कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल करने प्रेरित किया। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ललित शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा, रविशंकर पाण्डे उपस्थित रहे।



## निजी स्कूल प्रवेश के नाम पर अवैध रूप से कर रहे शुल्क वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

युवा कांग्रेस आरटीआई सेल चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने जिले में संचालित निजी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा अभिभावकों से अवैध रूप से प्रवेश शुल्क ,विकास शुल्क,पंजीयन शुल्क आदि वसूले जाने के विरोध में सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

- डीईओ को युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, कहा- वसूली गई राशि शिक्षण शुल्क में हो समायोजित

ज्ञापन में बताया गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार इस प्रकार का प्रवेश शुल्क लेना पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद जिले के अधिकांश विद्यालयों द्वारा अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालते हुए विभिन्न नामों से शुल्क वसूला जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक निजी विद्यालय द्वारा नियम विरुद्ध शुल्क वसूली का मामला सामने आ चुका है और कार्रवाई भी प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि यदि केवल विद्यालयों पर जुर्माना लगाया जाता है, तो इससे अभिभावकों को कोई प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिलेगा, क्योंकि वे पहले ही यह राशि जमा कर चुके हैं। प्रतिनिधियो ने मांग किया कि जिन अभिभावकों-छात्रों से प्रवेश शुल्क लिया गया है, उस राशि को शिक्षण शुल्क में समायोजित किया जाए और एक पत्र जारी कर समस्त विद्यालय को निर्देश दिया जाए ताकि भविष्य में किसी भी विद्यालय द्वारा किसी भी नाम से प्रवेश शुल्क लेने पर सख्त कार्यवाही की जाए। प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि उक्त राशि को शिक्षण शुल्क में समायोजित किया जाता है तो इससे अभिभावकों को वास्तविक राहत मिलेगी और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर सुरेंद्र गुप्ता, गौतम गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, वैभव पांडे, प्रमोद, अभिषेक, आयुष गुप्ता, सत्यम यादव, कृष्ण यादव, अभिनव काशी आदि उपस्थित थे।



### जिपं सामान्य सभा की बैठक लिया गया निर्णय, स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने के निर्देश

# पोषण आहरण वितरण में गड़बड़ी की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। जिपं सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

जिपं सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जिला पंचायत की स्थायी समितियों की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा की गई। समितियों की नियमित बैठक सुनिश्चित करने के लिए संबंधित सचिवों को निर्देशित किया गया। जनपद पंचायत लखनपुर क्षेत्र में पोषण आहार वितरण निजी व्यक्तियों द्वारा किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल ने जांच कर कार्रवाई करने का प्रस्ताव रखा, जिसे बैठक में स्वीकार किया गया। शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। उपाध्यक्ष द्वारा ग्राम पंचायत बिल्हमा के प्राथमिक शाला जोरवापारा में शिक्षक की कमी की जानकारी दी गई, जिस पर तत्काल व्यवस्था के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत परपटिया (नागाखार), लखनपुर के बंधा, लुण्ड्रा के ककनी तथा बतौली के ललाती स्थित प्राथमिक शालाओं में शिक्षकों की आवश्यकता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रशासनिक कार्यों की गति बढ़ाने के लिए अविवादित, फौती एवं नामांतरण प्रकरणों को ग्राम पंचायत के माध्यम से 30 दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में संविधान संशोधन के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 से संबंधित विषय पर सदस्यों ने चर्चा की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह ने अधिनियम के तहत 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक के लोकसभा में विशेष बहुमत से पारित नहीं होने पर निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव एवं सदस्यगण, डीएफओ अभिषेक जोगावत, जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, जिपं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नेहा सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

## कुत्ते के काटने के तीन माह बाद महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** कुत्ता के काटने तीन माह बाद महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। महिला ने कुत्ता के काट लेने की जानकारी परिजन को नहीं दी और गांव में जड़ी-बूटी से इलाज करवा रही थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम मकरीबंधा निवासी स्थरेंस केरकेट्टा को करीब तीन माह पहले पड़ोस के पालतू कुत्ते ने काट लिया था। महिला कुत्ता के काट लेने को गंभीरता से नहीं लिया और अस्पताल जाने के बजाय गांव में वैद्य से जड़ी-बुटी से इलाज करा रही थी। तीन दिन पहले महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन महिला को जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि कुत्ते के काटने के बाद तुरंत एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाना जरूरी होता है। झाड़-फूंक या जड़ी-बूटी के भरोसे रहने से संक्रमण बढ़ सकता है, जो बाद में जानलेवा साबित होता है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस तरह के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कुछ दिन पहले भी इसी तरह की लापरवाही के कारण एक अन्य व्यक्ति की मौत हो चुकी है। डॉक्टरों ने लोगों से कहा है कि कुत्ते या किसी भी जानवर के काटने पर तुरंत अस्पताल जाकर इलाज कराएं, ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

**खबर संक्षेप**

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**चरचा कॉलरी।** ग्राम पंचायत सरडी के नावापारा में 7 मई से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन शाम के समय कार्यक्रम आयोजित करने की विशेष व्यवस्था की है। कार्यक्रम की शुरूआत 7 मई को शाम 4 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी। इस यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल होंगी, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बन जाएगा, इसके पश्चात शाम 5 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा। यह कथा 13 मई तक निरंतर चलेगी। कथा वाचन के लिए वृंदावन धाम से आएंगे प्रसिद्ध संत ज्ञानेश्वर दास जी महाराज जो मधुर वाणी और सरल व्याख्या के लिए जाने जाते हैं। संत ज्ञानेश्वर दास जी पूज्य बिहार दास महाराज के शिष्य हैं। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने और छाया की विशेष व्यवस्था की है। सुरक्षा एवं व्यवस्थापन के लिए स्वयंसेवकों की टीम भी तैनात रहेगी। कथा के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन और संगीतमय प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। समापन दिवस 13 मई को विशेष पूजा-अर्चना, हवन और प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन होगा।

### समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय से आयोजित समय-सीमा की वर्चुअल बैठक में प्रशासनिक सख्ती और विकास की गति स्पष्ट रूप से दिखाई दी। बैठक में जिले के सभी विभागों की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सुशासन तिहार, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आधारभूत विकास कार्यों को लेकर स्पष्ट और सख्त निर्देश जारी किए। कलेक्टर ने कहा कि हर विभाग अपने लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करे और योजनाओं की जानकारी आमजन तक सक्रिय रूप से पहुंचाए। उन्होंने विभागवार प्रगति, लक्ष्य और हितग्राही वितरण की नियमित मॉनिटरिंग पर जोर देते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए।

### लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह के मुख्य आतिथ्य में नगरपालिका सभागार अनूपपुर में मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजनांतर्गत बालिका सशक्तिकरण और समाज में सकारात्मक सोच विकसित किए जाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना की बालिका हितग्राहियों जिन्होंने उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की है, उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान के तहत लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में पौधे भी रोपित किए गए। पात्र बालिकाओं को योजना के अंतर्गत आश्वासन प्रमाण पत्र, अपराजिता प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, शौर्या प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### वेदांता पावर प्लांट हादसे पर उठे सवाल

**मनेन्द्रगढ़।** सिंहतराई स्थित वेदांता लिमिटेड छग थर्मल पावर प्लांट में



14 अप्रैल को हुए भीषण स्टीम बॉयलर हादसे को लेकर हिन्द खदान मजदूर फेडरेशन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। संगठन के सहायक महासचिव अख्तर जावेद उस्मानी ने इस घटना को आजाद भारत की दूसरी सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदी बताते हुए इसे सुरक्षा तंत्र की गंभीर विफलता करार दिया है। इस हादसे में अब तक 24 श्रमिकों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 50 से अधिक मजदूरों के गंभीर रूप से घायल होने की आशंका जताई जा रही है। उस्मानी के अनुसार इस तरह की दुर्घटनाएं अचानक नहीं होतीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही लापरवाहियों और चेतावनियों की अनदेखी का परिणाम होती हैं। उन्होंने 2017 में उत्तर प्रदेश के ऊंचाहार स्थित एनटीपीसी प्लांट हादसे का उल्लेख करते हुए बताया कि वहां भी बॉयलर में राख का अत्यधिक जमाव पाया गया था।

पेड़ टूटने से कई जगहों पर विद्युत व्यवस्था रही बाधित

# रोज बदल रहा मौसमः आंधी के साथ जमकर बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इस वर्ष मई के शुरूआत में भीषण गर्मी से राहत मिली हुई है। बीते कुछ दिनों से अंधड़ बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन जैसे ही ही मौसम साफ होगा, इसके साथ ही तेजी से पारा चढ़ने लगेगा और फिर से तेज गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ेगा।

जानकारी के अनुसार सोमवार-मंगवार की रात्रि में कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर व आस पास के क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई,वहीं जिले के कई क्षेत्रों में हल्की तो कही मध्यम बारिश होने की जानकारी है, इसके साथ ही मंगलवार को दिनभर खुशनुमा मौसम बना रहा। दोपहर के समय कुछ घंटों के लिए धूप खिली, लेकिन दोपहर बाद फिर आसमान में बादल छाने लगे, इससे लोगों को धूप से राहत मिल गई। जानकारी के अनुसार इस दिन शहर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 18 डिग्री दर्ज की गई, जबकि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में लगातार मौसम साफ रहने के कारण तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया था, लेकिन अप्रैल माह के अंतिम दिनों में हवा की दिशा बदलने से अचानक मौसम ने करवट ली और फिर आंधी बारिश का क्रम शुरू हो गया। मई की शुरूआत होने पर भी मौसम आधी बारिश वाला बना हुआ है, इससे अधिकतम तापमान में 10 डिग्री की गिरावट आई,जबकि मई के महीने में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता था ,लेकिन इस वर्ष मई के शुरूआत में आंधी बारिश के कारण भीषण गर्मी से राहत मिली हुई है। मौसम विभाग के अनुसार आज से आसमान साफ हो जाएंगे, इसके बाद लगातार धूप खिल होने के कारण अधिकतम तापमान में भी बढ़ोतरी शुरू होगी, इससे दो-तीन दिनों बाद मौसम के शुष्क होने के कारण फिर से तेज गर्मी के असर का सामना करना पड़ सकता है।



#### शीतल पेय पदार्थो के बिक्री पर असर

बीते कुछ दिनों से आंधी बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है, इसका असर गर्मी के दिनों के व्यवसाय शीतल पेय पदार्थो के विक्रय पर भी असर पड़ा है। गर्मी से राहत मिलने के कारण गन्ना रस, आईसक्रीम, कुल्फी, फालुदा, कोलड्रिंक आदि के विक्रय पर थोड़ा असर पड़ा, जब तेज गर्मी पड़ती है तो उक्त शीतल पेय पदार्थो के विक्रय तेज हो जाती है, लेकिन इस वर्ष बीते कुछ दिनों से मौसम के बदलाव के बाद गर्मी का असर कम होने से शीतल पेय पदार्थो के विक्रय में भी गिरावट होती है।

### बेमौसम बारिश और तूफानी हवाओं से जनजीवन प्रभावित

**सोनहत।** 4 मई की देर रात से जिले के खंड स्तर पर लगातार बारिश और हल्के ओलों की गतिविधि जारी रही। मुख्यालय सहित विभिन्न गांवों में देर रात तक बारिश और ओले गिरे, जिससे लोगों के घरों और फसलों पर असर पड़ा। 5 मई की सुबह हल्के बादलों के साथ थोड़ी धूप निकलने से उमस और गर्मी बढ़ गई। मौसम की अनिश्चितता के कारण आमजन का जनजीवन प्रभावित हुआ। खासकर बिजली व्यवस्था पर देर रात की तूफानी हवाओं और बारिश का असर पड़ा, जिससे दिन के समय विभिन्न विभागों, बैंक और स्थानीय उद्योगों में कामकाज लगभग ठप्प रहा। मौसम विशेषज्ञों और स्थानीय किसानों ने बताया कि आसमान में छाए बादलों की आवाजाही के चलते फिलहाल मौसम में सुधार की संभावना नहीं है। बेमौसम बारिश, ओले और तूफानी हवाओं के कारण लोगों को दिनचर्या में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और कृषि गतिविधियों पर भी असर पड़ सकता है।

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

छग शासन की जनकेन्द्रित पहल सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत विकासखंड भरतपुर के ग्राम बड़वाही में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर संवाद से संपूर्ण समाधान ने सुशासन की एक सशक्त और जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की। 19 ग्राम पंचायत देवगढ़, मेंहदौली, बेला, उदकी, माड़ीसरई, हरचौका, चिड़ौला, करीं, जनुवां, बेलगांव, चरखर, पुंजी, सिंगरौली, डोम्हरा, लरकोड़ा, डोंगरीटोला, नौढ़िया एवं हरई ग्राम को समाहित करते हुए आयोजित इस विशाल शिविर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। ग्रामीणों को मौके पर ही राहत और समाधान मिलने से यह आयोजन जनविश्वास का केन्द्र बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, जनपद उपाध्यक्ष हीरालाल मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा छग महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शुभारंभ के साथ ही पूरे परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। दूर-दराज के गांवों से लोग सुबह से ही अपनी समस्याएं लेकर शिविर स्थल पर पहुंचने लगे थे, जो इस पहल के प्रति जनआस्था को दर्शाता है। 1 मई से 10 जून तक प्रदेशभर में संचालित इस विशेष अभियान का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण और शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है।

## पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में ऐतिहासिक जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत के साथ-साथ असम और पुडुचेरी में ऐतिहासिक विजय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। बचरापोड़ी मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ उत्सव का आयोजन किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, मंडल किशोर सिरदार, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू सहित अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी तरह सलका मंडल में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सलका चौक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्टÑीय अध्यक्ष नितिन गडकरी और गृह मंत्री अमित शाह के जयकारों के साथ जीत का जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष मनेजर राजवाड़े और महामंत्री रामशंकर सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं कुड़ेली चौक में भाजपा ने जोरदार आतिशबाजी, मिठाई वितरण और एक-दूसरे को बधाई दी और विधानसभा चुनावों में विजय का उत्सव मनाया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, मंडल अध्यक्ष संजय चिकनजूरी, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े, कामतानाथ तिवारी समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने बताया कि इस ऐतिहासिक जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह और जोश की लहर देखने को मिली।

### निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण के लिए आवेदन

**अनूपपुर।** म.प्र. शासन, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों/पुलिस/होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के 20 जिला मुख्यालयों पर पुरूष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 अंतर्गत पृथक-पृथक निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण संचालित किया जाएगा। इसमें अनूपपुर सहित भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, जबलपुर, ग्वालियर, शहडोल, रीवा, नर्मदापुरम, मुरैना, रायसेन, खंडवा, मंदसौर, टीकमगढ़, छिंदवाड़ा, गुना, सतना, बैतूल एवं भिण्ड जिला मुख्यालय शामिल है। प्रशिक्षण अवधि 45 दिवस निर्धारित किया गया है।

**बिखरी सुनहरी आभा ...**



**बैकुण्ठपुर।** अप्रैल से जून के बीच अमलतास के पेड़ों पर सुनहरे पीले फूल खिलते हैं जो इन दिनों विभिन्न क्षेत्रों में प्रकृति की अनुपम छटा बिखेर रहे हैं साथ ही यह अमलतास के फूल विकट परिस्थितियों में भी मुस्कुराने का संदेश देते हैं।

## नपं नई लेदरी में मनाया गया जश्न



**मनेन्द्रगढ़।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को मिले प्रचंड जनादेश के साथ-साथ असम और पाण्डुचेरी में ऐतिहासिक विजय पर भाजपा के नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जीत का जश्न मनाते हुए एक दूसरे मिठाई खिलाया और खुशी व्यक्त करते हुए इस देश की जनता के विश्वास और सुशासन की जीत बताया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राणा ने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष नितिन नवीन के कुशल दूरदर्शी एवं निर्णायक नृत्य का परिणाम है साथ ही उन्होंने पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के आर्थिक परिश्रम जनसंपर्क और संगठनात्मक मजबूती को इस सफलता का आधार बताया। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में सनातन सांस्कृतिक राष्टवाद और विकास के पक्ष में एक सकारात्मक वातावरण बना है जिसे जनता का अपार समर्थन मिल रहा है यह जनादेश केवल चुनावी जीत नहीं बल्कि देश के उज्जवल भविष्य के प्रति जनता की आस्था का प्रतीक है। श्री राणा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद विकास का एक नया इतिहास रचा जाएगा, जहां सुशासन पारदर्शिता और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग को लाभ मिलेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं देशवासियों को इस ऐतिहासिक विजय पर बधाई दी और कहा कि भाजपा का संकल्प सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास निरंतर देश को प्रकृति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।

# सरगुजा संभाग स्तरीय रेपिड शतरंज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- 10 हजार के नगद इनाम, ट्रॉफी और मेडल वितरित



छग स्टेट चेस एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त कोरिया जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में 3 मई को एक दिवसीय सरगुजा संभाग स्तरीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता अंडर 15 एवं बालिका वर्ग का आयोजन सेजेस महलपारा बैकुंठपुर के प्रांगण में आयोजित किया गया। उक्त स्पर्धा में 10 हजार के नगद इनाम के अलावा मेडल शील्ड और ट्रॉफी वितरित किया गया।

पुरस्कार वितरण समापन समारोह में कोरिया जिला के तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता के मुख्य आतिथ्य तथा वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष गुप्ता, समाजसेवी मनोज गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कोरिया जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि ने इस आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में कोरिया जिला शतरंज संघ को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और समस्त खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। स्पर्धा में सरगुजा, कोरिया, मनेन्द्रगढ़, सूरजपुर जिले के कुल 45 बाल खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमे 3 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय फिडे रेटिंग होल्डर थे, अंतरराष्ट्रीय स्विस लीग पद्धति से उक्त स्पर्धा 6 चक्रो में संपन्न हुई। इस स्पर्धा में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी पीहू सूर्यवंशी रही जिन्हें विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कोरिया जिला शतरंज के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने बताया कि हमारा संघ पिछले दो वर्षों में लगभग 1 दर्जन से ज्यादा सरगुजा संभाग स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित कर चुका है, हमारी सक्रियता जिले में लगातार बनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में हम लगातार इस क्षेत्र में प्रतियोगिताएं आयोजित कर पा रहे हैं। अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार,मेडल ट्राफी, शील्ड देकर सम्मानित किया गया। ओपन वर्ग- प्रथम हर्ष कुमार चौरसिया सूरजपुर 2100 और ट्रॉफी, द्वितीय आर्यन राज डांगरे अंबिकापुर 1500 और ट्रॉफी, तृतीय निवेद जायसवाल बैकुंठपुर 1000 और ट्रॉफी, चतुर्थ रुद्रांश यादव अंबिकापुर 600 प्राप्त किए। इसी तरह पंचम सहज सिंह अंबिकापुर 500, छठवां विशेष जेएस राजवाड़े अंबिकापुर 400, सातवां हर्षित गुप्ता बैकुंठपुर 300, आठवां फरहीन खान बैकुंठपुर 300, नवमा आहिल अहमद अंबिकापुर 300, दसवा आमिल अहमद अंबिकापुर 300 प्राप्त किया। वहीं बेस्ट गर्ल शताक्षी गुप्ता 500 रूपए और ट्रॉफी, बेस्ट गर्ल अंडर-11 याशिका 400 और ट्रॉफी, बेस्ट बालक अंडर-11 आरव पाण्डेय 400 और ट्रॉफी, बेस्ट गर्ल अंडर 9 अंशा फातिमा 400 ट्रॉफी, बेस्ट बालक अंडर-9 अक्षत राज डांगरे 400 और ट्रॉफी, बेस्ट गर्ल अंडर-7 वंशिका गुप्ता 300 और ट्रॉफी, बेस्ट बालक अंडर-7 अथर्व राज सिंह 300 और ट्रॉफी प्राप्त किया। वहीं विशेष प्राइज आयत परवेज, अहर्य अग्रवाल, ऋषभ सिंह को मिला। इस अवसर पर कोरिया जिला शतरंज संघ बैकुंठपुर ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में छग की प्रावीण्य सूची में 6 वे एवं सातवे नंबर में आए बैकुंठपुर की दो बेटियां अंशिका कश्यप और आलिया परवीन को सम्मनित किया।

## बरदिया में शिविर 30 आवेदन मिले



**कटकोना।** किसानों की समस्याओं के निवारण और जमीन संबंधी जानकारी के लिए 4 मई को ग्राम पंचायत बरदिया में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत पूटा, कटकोना, करहियाखांड, कटोरा और बरदिया के कुल 30 किसानों ने आवेदन किया। शिविर में तहसीलदार, आरआई, पटवारी, सरपंच, सचिव, उप सरपंच सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि जिनका पंजीयन नहीं हुआ है, उनका धान समिति में खरीदा नहीं जाएगा। सभी किसानों से अपील किया कि वे अपना पंजीयन की प्रक्रिया अविलंब पूरा कराएं। शासन ने इस शिविर को किसानों के हित में महत्वपूर्ण बताते हुए सभी ग्रामवासियों से समय पर उपस्थित होकर अपने आवेदन और पंजीयन की पुष्टि करने का आग्रह किया।

कोरिया पुलिस को मिली सफलता, परिजनों को मिली राहत व खुशी

# ऑपरेशन मुस्कान : 39 गुमशुदा व्यक्तियों की दस्तयाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की खोज एवं सुरक्षित वापसी के लिए माह अप्रैल 2026 में विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान एवं तलाश चलाया गया, जिसके अंतर्गत उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

इस अभियान के दौरान वर्ष 2000 से अप्रैल 2026 तक कुल 39 गुमशुदा व्यक्तियों को दस्तयाब कर उनके परिजन के सुपुर्द किया गया। इनमें 9 नाबालिग बालिकाएं, 10 पुरूष एवं 20 महिलाएं शामिल हैं। इस सफलता से लंबे समय से अपने परिजन की तलाश कर रहे परिवारों को राहत एवं खुशी मिली है। पुलिस द्वारा संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ प्रत्येक प्रकरण में गंभीरता से कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान जिले की पुलिस टीमों ने अन्य राज्यों में जाकर भी गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश की। थाना बैकुंठपुर क्षेत्र के मामलों में एक नाबालिग बालिका एवं एक महिला को मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले से दस्तयाब किया गया। वहीं थाना चरचा क्षेत्र के प्रकरणों में एक बालिका को तमिलनाडु तथा एक युवती को झारखंड से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुरक्षित बरामद किया गया, इसके अतिरिक्त थाना चरचा क्षेत्र के एक अन्य मामले में एक महिला को हरियाणा राज्य से भी दस्तयाब करने में सफलता मिली। इसी क्रम में थाना सोनहत क्षेत्र के एक प्रकरण में एक महिला को महाराष्टÑ के पुणे जिले से खोजकर वापस लाया गया। इन सभी मामलों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित करते हुए आधुनिक तकनीकी साधनों एवं सतत प्रयासों के माध्यम से गुमशुदा व्यक्तियों का पता लगाया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा लगातार फील्ड विजिट, संदिग्ध स्थानों की जांच एवं आवश्यक पूछताछ की गई, जिससे सफलता सुनिश्चित हुई।

#### थाने में दें सूचना

जिला पुलिस कोरिया द्वारा संचालित यह अभियान न केवल गुमशुदा व्यक्तियों की खोज में प्रभावी सिद्ध हुआ है, बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास को भी मजबूत करता है। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में समस्त थाना एवं चौकी स्तर पर सक्रियता के साथ कार्य किया गया। जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति के गुम होने की स्थिति में तत्काल नजदीकी थाना में सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर गुमशुदा व्यक्तियों को सुरक्षित वापस लाया जा सके।

## बिलासपुर में डॉ. आंचल को मिली डॉक्टर की उपाधि



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

सिम्स मेडिकल कॉलेज बिलासपुर में आयोजित कन्वोकेशन समारोह में आंचल साहू को डॉक्टर की उपाधि प्रदान की गई। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने अपने कठिन परिश्रम, लगन और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। डॉ. आंचल साहू की इस सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वे भाजपा कोरिया के उपाध्यक्ष अनिल साहू एवं श्रीमती लक्ष्मी साहू की पुत्री हैं, जिनकी इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इनके भाई अमनदीप साहू दिल्ली से चिकित्सा के क्षेत्र में ही पीजी कर रहे हैं। बिलासपुर समारोह के दौरान विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. आंचल साहू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को दिया है।

## खबर संक्षेप



### भाजयुमों ने निकाली विशाल विजय रैली

**अम्बिकापुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने भाजपा की शानदार जीत का जश्न मनाते एक विशाल विजय रैली निकाली। रैली को भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, वरिष्ठ भाजपा नेता हरपाल सिंह भामरा एवं जन्मेजय मिश्रा ने भाजपा का ध्वज दिखाकर रवाना किया। कार्यकर्ताओं की जोशपूर्ण नारों के साथ यह विजय रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई महामाया चौक पहुंची, जहां आतिशबाजी कर भाजपा की इस जीत का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। उल्लेखनीय है कि भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों में दर्ज की गई ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत का उत्साह शहर की सड़कों पर भी देखने को मिला। जिला अध्यक्ष निशांत ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के कुशल मार्गदर्शन तथा भाजपा की विकासोन्मुख नीतियों पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत है। इस ऐतिहासिक विजय से छत्तीसगढ़ का प्रत्येक युवा उत्साहित है और आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प ले रहा है। रैली में भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रिया सिंह, दीक्षा अग्रवाल, अंकित जायसवाल, विकास शुक्ला, शानू कश्यप, अमोघ कश्यप, अनीश सिंह, अविनाश मंडल, शुभम अंबष्ट, अभिषेक सिंह, रवजोत सिंह, शुभम सिंह भदौरिया, आशुमल गर्ग, अनुराग शुक्ला, सौरभ मिश्रा, प्रीतेश दुबे, आदित्य गौतम, अभिषेक माथुर, शैलेन्द्र चौबे, प्रिंस तिवारी, निमेश दुबे, सुधांशु चौबे एवं आयुष दुबे सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 2 ग्रामीणों की मौत, 9 की हालत गंभीर

# चौथी कार्यक्रम से लौट रहे ग्रामीणों से भरा तेज रफ्तार पिकअप मोहरसोप घाट पर पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चौथी कार्यक्रम से लौट रहे ग्रामीणों से भरा तेज रफ्तार पिकअप दूरस्थ ग्राम मोहरसोप घाटी पर अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल दो सदस्य सूरजपुर जिला अस्पताल में जीवन व मौत से जूझ रहे है। दुर्घटना में घायल अन्य ग्रामीणों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं बैढ़न के अस्पतालों में चल रहा है।

**खास बात**
- पिकअप में सवार थे पण्डो समुदाय के 30 लोग

ग्राम पंचायत बिहारपुर अंतर्गत कल्सोपारा निवासी दासाराम पण्डो की पुत्री का विवाह हाल ही में कोरिया जिलान्तर्गत ग्राम सेमरिया में हुई थी। सोमवार को परिवार के सदस्य बोलेरो एवं पिकअप में सवार होकर बेटी के ससुराल चौथी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। पिकअप क्रमांक एमपी 66 जी 0850 का चालक वाहन में 30 ग्रामीणों को भेड़-बकरियों की तरह ठूंसकर मुख्यमार्ग से न जाकर बिहारपुर, महुली, उमझर, रसौकी स्थित जंगल के कच्चे रास्ते से ग्रामीणों को लेकर ग्राम सेमरिया पहुंचा था। बेटी की ससुराल पहुंचकर परिवार के सदस्य एवं रिश्तेदार चौथी कार्यक्रम में शामिल हुए एवं भोजन उपरांत देर रात लगभग 10 बजे बेटी को साथ लेकर घर के लिए रवाना हुए। बोलेरो में नवविवाहिता सहित परिवार के कुछ बच्चे व महिलाएं सवार थी जबकि पिकअप पर परिवार के सदस्य एवं रिश्तेदार सवार थे। सोमवार की शाम क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई थी तथा विलम्ब होने क कारण चालक तेज गति से वाहन चला रहा था। इस दौरान रसौकी से एक किमी दूरी पर स्थित पहाड़ी घाट पर तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण पिकअप सवार दूर जा गिरे। गंभीर चोटें लगने के कारण ग्रामीण चीखने-चिल्लाने लगे। ग्रामीणों का शोर सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे तथा दुर्घटना की सूचना मोहरसोप पुलिस को दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि सीताकुंवर पण्डो (24 वर्ष) पति हरिचरण पण्डो एवं रामशरण पण्डो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि 23 ग्रामीण घायल हो गए। घायलों में 7 लोगों को गंभीर चोटें आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर भेजवाया तथा मृतकों का शव मरच्यूरी में रखवाया। इस दौरान दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ग्रामीणों को रोते-बिलखते देख ग्राम बेगारीडांड निवासी चालक विकास गुप्ता घटनास्थल से फरार हो गया है। मोहरसोप पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) एवं 106 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। चौकी प्रभारी कमलेश पाठक ने बताया कि फरार चालक को तलाशा जा रहा है साथ ही दुर्घटनाकारी पिकअप को जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है।



घायलों को अस्पताल ले जाते ग्रामीण।

### इनकी हालत गंभीर

दुर्घटना में घायल रामानंद पाण्डो (27वर्ष), हरिचरण पण्डो (27वर्ष), रामछोड़न पण्डो (42वर्ष), श्रीमती जन्मोदी पण्डो (40वर्ष), मेहीलाल पण्डो (18वर्ष), राम बहादुर पण्डो (35वर्ष) एवं श्रीमती परसोदी पण्डो (30वर्ष) की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल सूरजपुर एवं सीमावर्ती बैढ़न जिला अस्पताल रिफर किया है। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल हरिचरण पण्डो (27वर्ष) एवं रामशरण पण्डो (30वर्ष) की गंभीर स्थिति को देखते हुए रात में ही जिला अस्पताल सूरजपुर रिफर कर दिया था। मालूम हो कि गंभीर रूप से घायल हरिचरण की पत्नी सीता कुंवर (24वर्ष) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। मृतिका सीताकुंवर का 2 साल का एक पुत्र है। मां की मौत एवं पिता के गंभीर रूप से घायल होने के बाद 2 वर्षीय बालक की देखरेख गांव के दूसरे लोग कर रहे हैं।

### सीएचसी में 16 घायल भर्ती

दुर्घटना में घायल 16 लोगों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर में चल रहा है। घायलों में 10 महिलाएं भी शामिल हैं जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। दुर्घटना में घायल 29 ग्रामीणों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया था जबकि सात घायलों को मंगलवार को रिफर किया गया। गनीमत है कि लौटते समय कुछ महिलाओं एवं बच्चों को परिजन ने पिकअप से उतारकर बोलेरो में बैठा दिया था अन्यथा मृतकों एवं घायलों की संख्या बढ़ सकती थी। नव विवाहिता के पिता सहित परिवार के अन्य सदस्य भी पिकअप में सवार थे।

### शासन के निर्देशों की हो रही अवहेलना

शासन ने मालवाहकों का उपयोग यात्रियों के परिवहन हेतु नहीं करने के संबंध में कड़े निर्देश जारी किए है। मामले में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने भी इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। शासन-प्रशासन के कड़े निर्देश एवं आए दिन भीषण दुर्घटनाएं होने के बावजूद वाहन स्वामी एवं ग्रामीण सीख नहीं ले रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में पिकअप एवं ट्रैक्टर का उपयोग बारातियों के परिवहन के लिए किया जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई से बचने चालक जंगल के रास्ते बारातियों का परिवहन कर रहे हैं। बीती रात पिकअप पलटने की घटना गुरूघासीदास नेशनल पार्क के भीतर हुई है। क्षेत्र में दूरसंचार, सड़क एवं बिजली सुविधा नहीं होने के कारण पुलिस अमले को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऐसे वाहन चालकों एवं स्वामियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई नहीं होने के कारण मालवाहक वाहनों से बारातियों का अवैध परिवहन करने की घटनाएं नहीं रूक रही है।

### खतरे से बाहर घायल

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती सभी 16 घायलों का स्वास्थ्य सामान्य है तथा सभी खतरे से बाहर हैं। गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को रात में ही जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया था जबकि 7 घायलों को मंगलवार को रिफर किया गया है।

-डॉ.सुरेश मिश्र
प्रभारी, सीएचसी बिहारपुर



## सड़क पर लाश रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संकल्प अस्पताल में महिला सुरक्षा कर्मी का जनरेटर में डीजल डालते समय दुप्पटा पंखे में फँस गया। हादसे में गंभीर महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजन सहित सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग पर लाश को रखकर मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। अस्पताल प्रबंधन के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

- संकल्प अस्पताल में जनरेटर में डीजल डालते समय हादसा, महिला की मौत

अस्पताल में सुरक्षा गार्ड के पद पर पदस्थ श्रीमती अनिशा पति अमित तिग्गा लगभग तीन दिन पूर्व अस्पताल के जनरेटर में डीजल भर रही थी। इसी दौरान महिला की दुपट्टा जनरेटर के पंखे में फंस जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका उपचार संकल्प अस्पताल में चल रहा था। उपचार के दौरान 4 मई को महिला की मौत हो गई। परिजन की मांग पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा 9 लाख रुपए देने के आश्वासन के बाद लगभग दो घंटे चला प्रदर्शन समाप्त हुआ। इधर संकल्प अस्पताल प्रबंधन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि संकल्प अस्पताल की महिला कर्मचारी श्रीमती अनिशा पति अमित तिग्गा गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उनका उपचार संकल्प अस्पताल में गहन चिकित्सा के अंतर्गत निरंतर किया जा रहा था। 4 मई को अपराह्न लगभग 3 बजे उपचार के दौरान उनका दुखद निधन हो गया। इस अत्यंत दुःखद घटना पर संकल्प परिवार गहरा शोक एवं संवेदना व्यक्त करता है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा श्रीमती अनिशा का संपूर्ण उपचार निःशुल्क किया गया। साथ ही उनके परिजन को अंतिम संस्कार हेतु तत्काल 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। 4 मई को ही मृतिका के पति, पिता एवं अन्य परिजन की उपस्थिति में आपसी सहमति से अतिरिक्त मुआवजा राशि निर्धारित करने हेतु बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया था, जो 9 मई को प्रस्तावित थी। 5 मई को अपरिहार्य कारणों से मुआवजा राशि के संबंध में दोपहर लगभग 12 बजे जिला अस्पताल मार्ग पर चक्का जाम किया गया। उक्त स्थिति में शासकीय अधिकारियों, मृतिका के पति, पिता, अन्य परिजन तथा संकल्प अस्पताल प्रबंधन के बीच चर्चा एवं बैठक के उपरांत सम्मानजनक मुआवजा राशि पर सहमति बन गई। इसके पश्चात लगभग 3 बजे चक्का जाम समाप्त कर मृतिका का अंतिम संस्कार संपन्न किया गया। संकल्प अस्पताल प्रबंधन ने यह भी जानकारी दी है कि मृतिका के एक आश्रित को उनकी योग्यता के अनुसार तत्काल अस्पताल में रोजगार प्रदान किया जाएगा।

# भाजपा ने मनाया जीत का जश्न



**अम्बिकापुर/ सूरजपुर।** देश के विभिन्न राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिली महत्वपूर्ण चुनावी सफलता के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ में भी उत्सव का माहौल रहा। इसी कड़ी में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिला भाजपा जिला कार्यालय तथा अग्रसेन चौक में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जीत का जश्न मनाया।

- भाजपा की चुनावी सफलता पर प्रदेशभर में उत्सव का माहौल

इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि यह जनादेश भाजपा की नीतियों, विकास कार्यों और सुशासन के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने सदैव जनसेवा को प्राथमिकता दी है और यही कारण है कि देश के विभिन्न हिस्सों में जनता का समर्थन निरंतर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही झालमुड़ी का आनंद लेते हुए कार्यकर्ताओं ने अपनी प्रसन्नता साझा की। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### ऐतिहासिक जीत पर आतिशबाजी

**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं झलमुरी खिला कर जश्न बनाया। भाजपा मंडल प्रतापपुर अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर जमकर आतिशबाजी करते हुए लोगों को झलमुरी खिलाया। इस अवसर पर मुकेश अग्रवाल ने कहा कि यह विजय केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि देश के यशस्वी नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों और संगठन की अथक मेहनत का प्रतिफल है। भारतीय जनता पार्टी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को साकार करते हुए जन-जन का भरोसा जीता है। भाजपा मंडल प्रतापपुर के कार्यकर्ताओं ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान निरंजन दास कनौजिया, सिंघाचान सिंह, शिव शंकर जायसवाल, प्रेमपाल अग्रवाल, सूर्यदेव जायसवाल, अक्षय तिवारी, अवधेश पाण्डेय,रामरतन गुप्ता, अजीत शरण सिंह, मानती सिंह, सीता पैकरा, ललती सिंह, आनंद शुक्ला, विक्रम नामदेव, विक्रम सिंह, ललमेन पैकरा, विनोद श्रेष्ठ, चंद्रिका यादव, नीलम रजक, गीतां सिंह, नीलम श्रीवास, अजय सिंह, संदीप रजक, योगेंद्र सिंह, विनोद जायसवाल, आर्यन दुबे, धर्मेन्द्र श्रीवास, विजेंदर कश्यप, राहुल तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार गर्ग आ. अमरलाल व अन्य निवासी ग्राम शिवनंदनपुर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम गंगापुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 165/30 रकबा 0.014 हे. भूमि को अनावेदक मनोज कुमार भारती आ. एम.के. भारती निवासी वार्ड नंबर 43, दर्रीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अपने व्यवसाय एवं निजी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु रूपयो की आवश्यकता होने के कारण अंकन राशि रूपये 7,00,000/- बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुंजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 20.05.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः- 28/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश कुमार आ.स्व. कपूरचंद अग्रवाल व अन्य निवासी ग्राम शिवनंदनपुर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम गंगापुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 167/8 रकबा 0.014 हे. भूमि को अनावेदक मनोज कुमार भारती आ. एम.के. भारती निवासी वार्ड नंबर 43, दर्रीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अपने व्यवसाय एवं निजी आवश्यकताओ की पूर्ति हेतु रूपयो की आवश्यकता होने के कारण अंकन राशि रूपये 4,50,000/- बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुंजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 20.05.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एकान्त कुमार अग्रवाल पिता रामफल निवासी वसुंधरा कुंडला सिटी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 4410/8 रकबा 0.016 हे. भूमि को अनावेदक बबली अग्रवाल पति रवि कुमार अग्रवाल व अन्य निवासी चर्च रोड केदारपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अपने रूपयो की आवश्यकता होने के कारण अंकन राशि रूपये 1,10,00,000/- बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुंजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 20.05.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांकः- 28/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं समर बहादूर सिंह पिता छोटेलाल, निवासी-मकान नं. 87, वार्ड नं. 07, लखनपुर, थाना व तहसील-लखनपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं अपने पुराना नाम समर बहादूर पिता छोटेलाल को बदलकर नया नाम समर बहादूर सिंह पिता छोटेलाल रख लिया हूं। अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मुझे मेरे नया नाम समर बहादूर सिंह पिता छोटेलाल के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

**भवदीय**
**समर बहादूर सिंह**
**आ. छोटेलाल**
निवासी-मकान नं. 87, वार्ड नं. 07, लखनपुर, थाना व तहसील-लखनपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**न्यायालय-श्रीमान् कु. प्रांजली नेताम प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

प्रो.नं. 136/2026
सिविल 249अ/2025
आगामी पेशी तिथि- 08/05/2026

सोनू अग्रवाल ..../ वादी / आवेदक
प्रति
फिरतू वगै. ..../ प्रतिवादी/अनावेदक

**नोटिस/ईश्तहार**

बनामः-
1. फिरतू आ. गेदा तुरिया बाबा
2. बंधनु आ. गेदा तुरिया उम्र 65 वर्ष

दोनों निवासी ग्राम खुटिहनपारा ग्राम सोयदा, ग्राम पंचायत चांदो, पो. तुरना, तह. लखनपुर जिला-सरगुजा छग.

----00----

आपको नोटिस/इश्तेहार के माध्यम सूचित किया जाता है इस न्यायालय में वादी/आवेदक द्वारा आपके के विरूद्ध सिविल क्रमांक-249अ/2025 पक्षकारः- सोनू अग्रवाल प्रति फिरतु वगै. न्यायालय-प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के समक्ष वाद प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा प्रकरण में प्रतिवादी/अनावेदक को न्यायालय में उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित की गई थी। किन्तु प्रतिवादी/ अनावेदक को नोटिस की तामिली न हो पाने के कारण प्रकरण में पेशी तिथि बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त प्रतिवादी/अनावेदकको न्यायालीय प्रकरण में उपस्थिति होने हेतु नोटिस/ईश्तेहार का प्रकाशन कराया जा रहा है।

अतः आपको इस नोटिस/इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक-08/05/2026 को न्यायालयीन समय दिन में 11.00 बजे उपस्थित होकर स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता/अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में अथवा किन्हीं कारणवश न्यायालयीन स्थगित होने पर प्रकरण की सुनवाई अगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 04/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**(कु. प्रांजलि नेताम)**
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA

ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

सरगुजा मार्केट

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 9 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 03 मई, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भूत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रेक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पताः आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्कः 7222980129, 9479235154

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING
·DEEMED COLLEGE
·COUNSELLING
·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
·FORM FILLUP ASSISTANCE
·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA 9109920477

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 10 मई 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### गायत्री भूमिगत परियोजना के प्रभावित भू-विस्थापितों के पुनर्वास हेतु बैठक

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के गायत्री भूमिगत परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि के लिए कोल इंडिया पुनर्वास एवं पुनस्थापना नीति 2012 के प्रावधानों के तहत जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुनस्थापना समिति की बैठक प्रभावित भू-स्वामियों के पुनर्वास एवं रोजगार के मुद्दे पर जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना समिति की बैठक जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष अलग अलग तिथियों को आयोजित की गई है,जिसमें जोबगा के ग्रामीणों के लिए 8 मई के शाम 4 बजे, पोड़ी के ग्रामीणों के लिए 12 मई को शाम 4 बजे एवं गेतरा के ग्रामीणों के लिए 14 मई को शाम 4 बजे जिला संयुक्त कार्यालय सूरजपुर में बैठक आयोजित की गई है,उक्त बैठक कोल इंडिया पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना नीति 2012 के तहत गठित समिति द्वारा आयोजित की जा रही है।

### सूरजपुर जिले के एक दर्जन सहायक उपनिरीक्षकों का तबादला

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले में प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से करीब एक दर्जन सहायक उपनिरीक्षकों (एएसआई) का तबादला कर नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। इस फेरबदल में सलका-उमेश्वरपुर के चौकी प्रभारी एएसआई संजय यादव को पद से हटाते हुए झिलमिली भैयाथान थाना भेज दिया गया है। उनकी जगह बिश्रामपुर थाने में पदस्थ एएसआई गुड्डू कुशवाहा को उमेश्वरपुर सलका का नवीन चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। करंजी चौकी प्रभारी एएसआई संतोष सिंह को रेवटी चौकी का प्रभारी बनाया गया है, वहीं बिश्रामपुर थाने में पदस्थ एएसआई विशाल मिश्रा को करंजी चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। रेवटी चौकी प्रभारी एएसआई कृष्णा सिंह को लाइन अटैच किया गया है। इसके अलावा भटगांव थाने में पदस्थ एएसआई नंदलाल तथा प्रतापपुर थाने में पदस्थ एएसआई हरिशंकर तिवारी तथा लाइन में पदस्थ एएसआई अशोक साहू को बिश्रामपुर थाने में पदस्थापना दी गई हैएएसआई विवेकानंद सिंह को लाइन से भटगांव तथा एएसआई माणिक चंद को लटोरी से भटगांव स्थानांतरित किया गया है,वहीं एएसआई विनोद सिंह को रेवटी से चंदौरा थाना में पदस्थ किया गया है।गौरतलब है कि उमेश्वरपुर चौकी प्रभारी रहे एएसआई संजय यादव के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों ने उनके कार्यशैली को लेकर लगातार मोर्चा खोला हुआ था जिस पर जांच कराई जा रही है।

### पड़ोसी के घर खेलने गई नाबालिग से दुष्कर्म पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनगरा।** पड़ोसी घर खेलने गई बालिका को अकेला देख अधेड़ ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़ित बालिका के परिजन ने घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामला को गंभीरता से लेते हुए न सिर्फ आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया बल्कि आरोपी को दूसरे गांव से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 9 वर्षीया बालिका रविवार की दोपहर पड़ोसी के घर में खेलने गई थी। इसी दौरान 55 वर्षीय आरोपी ने बालिका को अकेला देखकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इधर घटना के बाद जब मामला परिजन के संज्ञान में आया तो परिजन तत्काल घटना की शिकायत पुलिस से की। शिकायत मिलते ही भटगांव पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को दूसरे गांव से गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध धारा 65 (2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर किया है। घटना के बाद पीड़िता की सुरक्षा और काउंसलिंग को ध्यान में रखते हुए उसे बाल कल्याण समिति सूरजपुर भेज दिया गया है। भटगांव पुलिस मामले के अन्य सभी पहलुओं पर भी गहनता से जांच कर रही है ताकि आरोपी के खिलाफ कड़े साक्ष्य जुटाए जा सकें। इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश का माहौल है।

### युवक ने यात्री प्रतीक्षालय में फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**डांड़गांव।** एनएच 130 स्थित यात्री प्रतीक्षालय में युवक ने अज्ञात कारण से गमछा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। गुमगा चारपारा निवासी लक्ष्मण आ. श्रीराम (18 वर्ष) बीती रात एनएच 130 डांड़गांव स्थित यात्री प्रतीक्षालय में गमछा के सहारे फांसी लगा लिया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी उस समय लगी जब रात में ग्रामीणों ने मृत हालत में युवक को फांसी में लटका देखा। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजन को सूचना दी। साथ ही पुलिस टीम द्वारा मृतक का शव को पीएम के लिए सीएससी उदयपुर ले जाया गया। बहरहाल मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## डेढ़ घंटे के भीतर 34.1 मिमी वर्षा

# विक्षोभ के प्रभाव से बदला मौसम, तेज गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- गिरा दिन-रात का तापमान

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ एवं विक्षोभ के प्रभाव से देश के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय मौसमी घटकों के प्रभाव से मौसम में व्यापक बदलाव आया है। सोमवार की रात सरगुजा संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई वहीं अम्बिकापुर में मंगलवार को तड़के तेज गरज-चमक के साथ मूसलाधार वर्षा हुई। मौसम कार्यालय द्वारा 34.1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मई की शुरूआत से ही उत्तर भारत में लगातार सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में व्यापक बदलाव आया है। विक्षोभ के प्रभाव से विभिन्न क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका सक्रिय होने के कारण पिछले एक सप्ताह से अलग-अलग क्षेत्रों में अंधड़ के साथ बारिश होने से दिन एवं रात के तापमान में गिरावट दर्ज करने के साथ गर्मी से राहत मिल गई है। मौसम में आए बदलाव के कारण आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ गई है तथा बीच-बीच में लगातार बादल छा रहे हैं। दक्षिण भारत में पूर्व में सक्रिय प्रति चक्रवात के प्रभाव से वातावरण में पूर्व से ही पर्याप्त नमी मौजूद है वहीं सोमवार को उत्तर भारत में सक्रिय ताकतवर विक्षोभ के प्रभाव से मध्य क्षोभमण्डल में द्रोणिका प्रभावी है वहीं हरियाणा, दक्षिणी पूर्व राजस्थान, दक्षिणी मध्यप्रदेश एवं पूर्वी उत्तरप्रदेश में चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। विक्षोभ के प्रभाव से दक्षिणी मध्यप्रदेश से मन्नार की घाटी तक तथा उड़ीसा के निकट तक अलग-अलग द्रोणिका प्रभावी है जिसके प्रभाव से लगातार नमी पहुंच रही है। विक्षोभ एवं विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय सिस्टम के प्रभाव से सोमवार को रात्रि 10 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई। मंगलवार को तड़के 5.30 बजे तेज गरज-चमक के साथ अम्बिकापुर सहित आसपास के क्षेत्रों में आधे घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई इस दौरान सुबह 7 बजे तक वर्षा एवं गरज-चमक होती रही। मौसम कार्यालय द्वारा डेढ़ घंटे में 34.1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। सिस्टम के प्रभावी होने के कारण मौसम विज्ञानी मंगलवार को रात में भी गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। झमाझम बारिश होने से 24 घंटे के भीतर दिन के पारा में 4 डिग्री एवं रात के पारा में 6.7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा सोमवार को अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो बारिश के बाद गिरकर क्रमशः 32.7 डिग्री एवं 17.5 डिग्री पर पहुंच गया है।


सड़क के गड्ढों में भरा बारिश का पानी।

### आगामी सप्ताह भी रहेगा राहत भरा

मौसम विज्ञानी आगामी सप्ताह भी राहत भरा रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि 10 मई को उत्तर भारत में एक नया पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। वर्तमान में सक्रिय सिस्टम के प्रभाव से 9 मई तक 50-60 मिमी प्रति घंटे की रफ्तार की आंधी चलने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। भीषण गर्मी पड़ने के कारण अप्रैल के अंतिम दिनों में दिन का तापमान 42 डिग्री पहुंच गया था लेकिन मई की शुरूआत से ही कुछ क्षेत्रों में अंधड़ चलने एवं बारिश होने से गर्मी से राहत है। मौसम विज्ञानी आगामी सप्ताह में भी कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

## वरिष्ठ पार्षद विजय को बनाया गया जन भागीदारी समिति का अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



वरिष्ठ पार्षद और समाज सेवी विजय सोनी को शासकीय कन्या महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। जन भागीदारी समिति के अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत ने नियुक्ति आदेश जारी किया।

बता दें कि विजय सोनी वर्तमान में भाजपा से पार्षद है इसके साथ ही वे समाज सेवा के कार्य से भी जुड़े हुए है। कलेक्टर अजीत वसंत ने महाविद्यालयों के लिए जन भागीदारी समिति के अध्यक्षों की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने शासकीय कन्या महाविद्यालय के लिए जन भागीदारी समिति का अध्यक्ष भाजपा से वरिष्ठ पार्षद और समाज सेवी विजय सोनी को बनाया है। नव नियुक्ति पर पार्षद विजय सोनी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे शिक्षा के विकास, पारदर्शिता और छात्र कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि महाविद्यालय की अधोसंरचना को मजबूत बनाने और शैक्षणिक वातावरण को बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी समिति के माध्यम से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा ताकि छात्रों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण और अभिभावकों के साथ समन्वय स्थापित कर छात्रों के शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेंगे। विजय सोनी ने यह भी संकेत दिया कि वे महाविद्यालय में नवाचार को बढ़ावा देने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विशेष पहल करेंगे। उनका मानना है कि वर्तमान समय में केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा ही नहीं, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि विजय सोनी लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं और नगर में उनकी पहचान एक सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में है। विभिन्न सामाजिक और जनहित के कार्यों में उनकी भागीदारी सराहनीय रही है।

### उर्स के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु समिति की बैठक 11 को

**अम्बिकापुर।** आगामी 20, 21 एवं 22 मई 2026 को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरगुजा जिले में उर्स आदर्श ग्राम तकिया मजार शरीफ में शांतिपूर्वक मनाये जाने के संबंध में शांति समिति की बैठक जिला कलेक्टरेट कार्यालय के सभा कक्ष में 11 मई को 4 बजे अपर जिला दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। उन्होंने उक्त बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है।

## सुशासन तिहार शिविर, ज्यादातर आवेदनों में स्ट्रीट लाइट, पानी और सहारा ग्राउंड मरम्मत करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर में सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को वार्ड क्रमांक 1 से 4 तक नपं कार्यालय में शिविर लगाया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। शिविर के दौरान ज्यादातर आवेदन स्ट्रीट लाइट, पानी, साफ सफाई के साथ-साथ नगर के युवाओं द्वारा आरटीआई कालोनी समीप सहारा ग्राउंड की साफ सफाई एवं समतलीकरण एवं स्थल पर बालू एवं मिट्टी गिराए जाने के आवेदन के माध्यम से मांग की गई है, ताकि आने वाले विभिन्न भर्तियों की तैयारी युवाओं द्वारा आसानी से की जा सके। अगले शिविर का आयोजन वार्ड क्रमांक 5 से 8 तक के लिए 12 मई को आजाद ग्राउंड सामुदायिक भवन में एवं वार्ड क्रमांक 9 से 12 तक 19 मई को ग्लोबल स्कूल में एवं वार्ड क्रमांक 13 से 15 तक 26 मई को नगर पंचायत परिसर में की जाएगी। शिविर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील कुमार तिवारी, नोडल अधिकारी गौरव कुमार अग्रवाल, सहायक नोडल अधिकारी अरविंद यादव, आकाश सिन्हा, परमेश्वर दास, शशि शर्मा, अब्दुल हैदर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार बना जरूरतमंदों का सहारा, गांव में ही मिल रही राहत

**सूरजपुर।** जिले में आयोजित सुशासन तिहार अब केवल शासन की पहल नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभर रहा है। इसका असर तब देखने को मिला, जब रामानुजनगर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत उमापुर में आयोजित समाधान शिविर ने दो महिलाओं के जीवन में बड़ी राहत पहुंचाई। ग्राम पंचायत भुनेश्वरपुर की साक्षी ठाकुर और बरोल गांव की बिमला के लिए यह शिविर किसी वरदान से कम नहीं रहा। राशन कार्ड के लिए आवेदन करने पर दोनों महिलाओं को शिविर में ही त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें राशन कार्ड प्रदान कर दिया गया, जिससे अब वे खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगी। साक्षी ठाकुर ने बताया कि सुविधाओं के लिए कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन जब शासन और प्रशासन खुद गांव तक पहुंच रही है और उनकी समस्या का समाधान मौके पर ही कर रही है ऐसे में बहुत राहत मिलती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार ने ग्रामीणों और प्रशासन के बीच की दूरी को कम कर दिया है। अब अधिकारीयों के स्वयं गांव में आकर आवेदन लेने से समय और संसाधनों दोनों की बचत हो रही है। बिमला भी इस पहल से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि अब उन्हें राशन कार्ड के माध्यम से नियमित रूप से खाद्यान्न मिलेगा, जिससे उनके परिवार को बड़ी राहत मिलेगी।



## दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करना पड़ेगा काम तभी सुरक्षित रहेंगी बेटियां : रामकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- पश्चिम बंगाल चुनाव से वापस लौटे विधायक, इसपर रोकथाम के लिए करें विचार



वंदना में नाबालिग बच्चियों के साथ हुई गैंगरेप की घटना सभ्य समाज के लिए कलंक है। इस पर रोकथाम के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हम सभी को मिलकर काम करना पड़ेगा तभी इस तरह की घटनाओं पर रोकथाम लगेगा और बहन बेटियां सुरक्षित रह पायेंगी। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक रामकुमार टोप्पो ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से वापसी के बाद स्थानीय विश्रामगृह में प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जब यह घटना घटित हुई थी तब वो पश्चिम बंगाल में हो रहे विधानसभा चुनाव की कमान संभाल रहे थे। इस घटना के बाद वो अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से नजर रखे हुए थे और पूरी जानकारी ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी संपर्क बनाए रखा था और सख्ती से जांच के निर्देश दिए थे ताकि गैंगरेप मामले में शामिल सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। पुलिस ने मामले में गंभीरता दिखाई और गैंगरेप मामले के सभी दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ऐसी घटनाओं पर राजनीति रोटी सेंकने के बजाए रोकथाम कैसे हो इस पर विचार करना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का सरकार है। इस सरकार में दोषी चाहे कोई भी हो उसे अपने कर्मो का फल भोगना ही पड़ेगा। नगर समेत क्षेत्र में लूटपाट और चोरी छीनाझपटी की बढ़ती घटना पर विधायक ने कहा कि इस पर रोकथाम के लिए कारगर उपाय किए जा रहे है। नगर के मुख्य चौक चौराहों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसी टीवी कैमरा लगाए जाएंगे। उन्होंने थाने में सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से पुलिस बल की कमी बताते हुए कहा कि इसके लिए पुलिस के उच्चाधिकारियों से बात चल रही है। उम्मीद है जल्द ही सीतापुर थाने में पुलिस बल की कमी दूर करने के लिए नई नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने पश्चिम बंगाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि आज भी मोदी शाह की जोड़ी का जलवा कायम है। चुनाव को लेकर इन दोनों की सटीक रणनीति और कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत भाजपा ने आजादी के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में जीत का परचम लहराया है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सदावर्ती, विधायक प्रतिनिधि श्रवण दास, राजकुमार गुप्ता, अधिवक्ता सुनील गुप्ता, सुदर्शन सोनी, विष्णु अग्रवाल, संगीता कंसारी, नेमलाल गुप्ता, अनेश्वर गुप्ता, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा संतोषी पावले, स्नेहलता गुप्ता, प्रद्युम्न पैंकरा, रूपेश आर्य गुप्ता, इलु गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भाजयुमो किशन उपाध्याय, संकेत गुप्ता, निर्मल गुप्ता, महेश्वरी दास समेत अन्य मौजूद थे।

## घंघरी-रुखपुर में बनेगा एनीकट, हुआ भूमिपूजन



**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के घंघरी-रुखपुर में लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से ऐनीकट बांध निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। यह परियोजना लंबे समय से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग रही थी। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, विधायक प्रबोध मिंज और जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य प्रारंभ होने की घोषणा की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि घंघरी-रुखपुर में ऐनीकट बांध का निर्माण क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे वर्षा जल के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, भूजल स्तर में सुधार होगा और किसानों को सिंचाई के लिए स्थायी जल स्त्रोत उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा और क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा। विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से लंबित मांग आज पूरी हो रही है। ऐनीकट बांध बनने से न केवल सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि जल संकट की समस्या के समाधान में भी मदद मिलेगी। जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, खेती में सुविधा बढ़ेगी और आने वाले समय में कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि जनहित की ऐसी विकास योजनाएं ही गांवों को आत्मनिर्भर बनाने का आधार हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रेमानंद तिग्गा, परसा मंडल अध्यक्ष संतोष जायसवाल, मनीष ली, युवा मोर्चा महामंत्री अविनाश मंडल, युवा मोर्चा परसा मंडल अध्यक्ष रोहन मंडल, राजेश राजवाड़े, दिलीप केशरी, उपसरपंच रवि पैंकरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## घर-घर हो रहा मकान सूचीकरण, 30 तक चलेगा व्यापक गणना अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

राज्य में 1 से 30 मई तक संचालित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य जिले में व्यवस्थित रूप से जारी है। इस महत्वपूर्ण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं और विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की गई है।

जिले में कुल 16 चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 9 तहसीलदार - सूरजपुर, लटोरी, भैयाथान, ओड़गी, बिहारपुर, भटगांव, रामानुजनगर, प्रेमनगर एवं प्रतापपुर तथा शहरी क्षेत्रों के लिए 7 मुख्य नगरपालिका अधिकारी - नगर पालिका परिषद सूरजपुर एवं नगर पंचायत विश्रामपुर, शिवनंदनपुर, भटगांव, प्रेमनगर, प्रतापपुर और जरही शामिल हैं। मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य घर-घर जाकर किया जा रहा है। इसके लिए जिले में 1433 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक तैयार किए गए हैं। कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने हेतु 1550 प्रगणक और 269 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। सभी को प्रशिक्षित करने के लिए 33 फील्ड ट्रेनर्स की नियुक्ति कर 3 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। यह पूरा कार्य भारत सरकार द्वारा विकसित मोबाइल एप के माध्यम से किया जा रहा है। सभी प्रगणकों एवं चार्ज अधिकारियों के मोबाइल में एप डाउनलोड कराकर फील्ड में कार्य प्रारंभ करवा दिया गया है। साथ ही प्रगणकों को जनगणना किट सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। जागरूकता बढ़ाने के लिए शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों के ऑटो-टिपर में माइक के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवार, दीवार लेखन एवं समाचार पत्रों के जरिए लोगों तक जानकारी पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त 13 से 15 मई तक जनगणना कार्य निदेशालय, रायपुर से एलईडी वैन के माध्यम से हाट-बाजार, ग्राम पंचायत सभाओं, मेलों, बड़े स्कूलों और प्रार्थना स्थलों पर नुक्कड़ नाटक कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिले में मकानसूचीकरण एवं गणना का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है और इसे पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से कहा है कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और सही जानकारी प्रदान कर सहयोग करें, ताकि भविष्य की योजनाओं के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें।



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक
ब्लड बैंक (सेंटर)/ डॉक्टर्स हाउस (A unit of MRM Pvt. Ltd.)
7000619700
Surguja की पहली
Siemens Mammomat Nova 3000 Machine
से सटीक और आरामदायक Mammography सेवा
अब Tej Diagnostic Centre पर उपलब्ध।
यह टेस्ट हमारे विशेषज्ञ महिला Radiologists द्वारा किया जाता है, जिससे आपको मिलेगा हर कदम पर पूर्ण ध्यान और देखभाल।
Advanced Technology | Expertise You Can Trust | Comfort First | Care at Every Step
समय पर जांच, स्वस्थ जीवन की पहचान
बाबूपारा जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
8224007799
7000619700